अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) 495001

फोन 07752-220007, 220031, 220032, 220033, 220037, 220014 फैक्स. 07752-220031, 260294

ई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in Website : www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक / 4664 / स्था.प्रशा. / 2020 बिलासपुर, दिनांक 17.09.2020

प्रति,

अति आवश्यक

प्राचार्य,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

विषयः– **वार्षिक परीक्षा 2019–20 में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को उत्तर पुस्तिका वितरण एवं लिखित उत्तर पुस्तिका संग्रहण के संबंध में।**

संदर्भः– 01. विश्वविद्यालय का पत्र क्रमाक / 4661 / स्था.प्रशा. / 2020 बिलासपुर, दिनांक 17.09.2020
02. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक 204 / आउशि / 2020 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 17.09.2020

––00––

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र द्वारा परीक्षार्थियों को वार्षिक परीक्षा 2019–20 की शेष परीक्षाओं के लिये उत्तर पुस्तिका के वितरण एवं लिखित उत्तर पुस्तिका के संग्रहण के संबंध में दिशा–निर्देश दिये गये थे। कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण की रोकथाम के दृष्टिगत एवं आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर के संदर्भित पत्र के अनुक्रम में पुनः सूचित किया जाता है कि–

01. परीक्षार्थियों को उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण एवं लिखित उत्तर पुस्तिकाओं को महाविद्यालय में जमा करने संबंधी विश्वविद्यालय के उपरोक्त संदर्भित पत्र में दिये गये दिशा–निर्देश **"तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक स्थगित"** किये जाते है।

02. परीक्षार्थियों को महाविद्यालय में उपस्थित होकर उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्ति एवं लिखित उत्तर पुस्तिका जमा करने का प्रावधान तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

03. प्राचार्यो / परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि विस्तृत दिशा–निर्देश दिनांक 18.09.2020 को विश्वविद्यालय के वेबसाईट / अन्य माध्यमों से उपलब्ध करा दी जावेगी।

आदेशानुसार,
17.9.2020
कुलसचिव

पृ.क्रमांक / 4665 / स्था.प्रशा. / 2020 बिलासपुर, दिनांक 17.09.2020

प्रतिलिपिः–

1. माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सचिव, छ0ग0 शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. अपर संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय(उच्च शिक्षा), शासकीय ई. राघवेन्द्र राव स्नातकोत्तर (विज्ञान) महाविद्यालय, सीपत रोड़ बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
5. संपादक / संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ सूचनार्थ कि उक्त अधिसूचना को अपने समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. कार्यालयीन प्रति / वेबसाईट पर अपलोड हेतु।

17.9.20
परीक्षा नियंत्रक